# BCS Govt. P.G.College,Dhamtari(C.G.)

## Sveep Programme 2021-22

......... महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

**Record of Event Organized by Department (SVEEP)**

मतदाता जगरूकता अभियान सत्र 2021–22

| S.No. | Programme Name | Department | Purpose of Event | Date of Event | Details of Guest | Duration | No.of Participants | Outcome of Event |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मतदाता जागरूकता कार्यक्रम | स्वीप | मतदान के प्रति छात्र–छात्राओं एवं जनसामान्य में जागरूकता लाने के उद्देश्य से | 26.08.2021 | डॉ.श्रीदेवी चौबे<br>प्रो.पी.सी.चौबरी<br>डॉ.देवाशीष हाजरा<br>प्रो.अमरसिंग साहू | 01 घंटे | 20 | छात्र–छात्राओं में मतदान के प्रति उत्साह एवं जागरूकता |
| 02 | मतदाता जागरूकता संगोष्ठी | स्वीप | एक–एक वोट के महत्व को छात्र–छात्राओं एवं जनसामान्य को समझाने के उद्देश्य से | 07.10.2021 | डॉ.श्रीदेवी चौबे<br>डॉ.सपना ताम्रकार | 01 घंटे | 21 | छात्र–छात्राओं में मतदान के अधिकार के प्रति जागरूकता |
| 03 | मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील | स्वीप | 01.01.2022 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के उद्देश्य से | 28.09.2021 | डॉ.श्रीदेवी चौबे<br>प्रो.दुर्गेश प्रसाद | 01 घंटे | 19 | विभिन्न संकायों के छात्र–छात्राओं में प्रपत्र 06 भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के प्रति उत्सुकता |
| 04 | महाविद्यालय स्तरीय ऑनलाईन वाद–विवाद प्रतियोगिता विषय–"इसस सदन की राय में निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की स्वतंत्र, सक्रिय एवं समान भागीदारी लैंगिक समानता को स्थापित करने में सहायक" | स्वीप | महिलाओं की निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से | 30.10.2021 | प्रो.दुर्गेश प्रसाद<br>डॉ.सपना ताम्रकार<br>प्रो.कोमल प्रसाद यादव<br>प्रो.अमरसिंग साहू | 02 घंटे | 29 | छात्रों के साथ–साथ छात्राओं की मतदान के प्रति उत्सुकता एवं जागरूकता |
| 05 | जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन ऑनलाईन वाद–विवाद विवाद प्रतियोगिता विषय–"इस सदन की राय में निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की स्वतंत्र, सक्रिय एवं समान भागीदारी लैंगिक समानता को स्थापित करने में सहायक होगी" | स्वीप | जिले के सभी कॉलेज में उक्त प्रतियोगिता आयोजित कर प्रत्येक कॉलेज के प्रथम विजेता के मध्य जिला स्तर प्रतियोगिता का आयोजन | 09.11.2021 | सुश्री नम्रता ध्रुव<br>प्रो.दुर्गेश प्रसाद<br>प्रो.तुहिन बैनर्जी<br>प्रो.कोमल प्रसाद यादव<br>श्री सत्येन्द्र साहू<br>(पूर्व कैम्पस अंबेसडर) | 02 घंटे | 13 | जिले के विभिन्न कॉलेजो के विजेता छात्र–छात्राओं का उक्त विषय पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जागरूकता |
| 06 | राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन | स्वीप | मतदान के प्रति सभी को जागरूक करने के उद्देश्य से | 25.01.2022 | डॉ.श्रीदेवी चौबे<br>डॉ.अनिता राजपुरिया<br>डॉ.मनदीप खालसा<br>डॉ.प्रभा देशलकर<br>प्रो.पी.सी.चौधरी<br>डॉ.ए.एस.साहू<br>डॉ.ए.के.सिंह | 02 घंटे | 65 | मतदान के प्रति स्टॉफ/छात्र–छात्राए /जनसामान्य में जागरूक |

(पंकज जैन)
स्वीप प्रभारी

# Voter Awareness Programme (26-08-2021)




देवांगन, मोहम्मद शब्बार, दुलारी साहू, ...
जमीला बेगम, मीरा बघेल, शकील चिश्ती, राधे गुप्ता उपस्थित थे।

## पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता रैली निकाली




धमतरी| स्वीप के तहत 26 अगस्त को पीजी कॉलेज परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन ने कॉलेज के भावी एवं नए मतदाता छात्र-छात्राओं एवं जनसामान्य को मतदान के महत्व को बताया। सभी से 100 प्रतिशत मतदान करने की अपील की। 1 जनवरी 2022 की स्थिति में 18 वर्ष की उम्र पूरा करने वाले को मतदाता सूची में अपना नाम जोड़वाने कहा। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे, पीसी चौधरी, कोमल यादव, दुर्गेश प्रसाद, डॉ. सपना ताम्रकार, अभिषेक मिश्रा, संजय राठौर, संतोष साहू, सूरज सोनकर उपस्थित थे।

CS Scanned with CamScanner

# Voter Awareness Programme 28-09-2021




परिचर्चा

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने छात्रों को किया प्रोत्साहित



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

धमतरी. बीसीएस पीजी कालेज के प्राचार्य डा श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में महिला मतदाताओं की निर्वाचन में महत्वपूर्ण भूमिका को समझाने के उद्देश्य से महाविद्यालय की विभिन्न संकायों के छात्राओं को प्रपत्र 6 की विवरण कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की निर्वाचन में भूमिका विषय पर परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। स्वीप प्रभारी प्रो पंकज जैन, प्रो दुर्गेश प्रसाद, महेन्द्र साहू, प्राची शर्मा, तोषण साहू ,यज्ञदेव, नागेन्द्र एवं साक्षी शर्मा ने छात्र-छात्राओं को प्रपत्र 6 का वितरण भी किया गया। 18 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से प्रपत्र 6 भरकर मतदाता सूची में नाम अवश्य जुड़वाना चाहिए, ताकि मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सके।

Scanned with CamScanner

# Voter Awareness Programme (07-10-2021)



आयोजन 7.10.2021

## पीजी कालेज में हुई मतदाता जागरूकता पर संगोष्ठी

08 अक्टूबर 2021

धमतरी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग जिला निर्वाचन अधिकारी स्वीप नोडल अधिकारी धमतरी के निर्देशानुसार पीजी कालेज धमतरी में स्वीप प्रभारी पंकज जैन, डा. सपना ताम्रकार एवं कोमल प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में सात अक्टूबर 2021 को मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त संगोष्ठी में स्वीप आइकान छात्र महेंद्र कुमार साहू, स्वीप आईकान छात्रा प्राची शर्मा, अर्पणा शर्मा, आसना शर्मा, लखेश्वरी, खेमेंद्र सहित विधि विभाग एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे। स्वीप प्रभारी प्रोफेसर पंकज जैन के व्दारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम एक नवम्बर 2021 से प्रारंभ हो रहा है। मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाए। मतदाता सूची में आफलाइन एवं आनलाइन दोनों ही तरीकों से नाम जुड़वाया जा सकता है। अत: मतदान के महत्व को अवश्य समझो एवं मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर एक मजबूत लोकतंत्र की नींव रखें। उक्त अवसर पर प्राची शर्मा, महेंद्र साहू, यज्ञदेव, साक्षी शर्मा, अर्पणा शर्मा, लखेश्वरी आदि ने मतदान के महत्त्व को बताते हुए सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील

Scanned

## On-line Debate (30-10-2021)




कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.com
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com

NAAC GRADE-'B' | AISHE CODE- C-21763

दूरभाष – 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 27/10/2021

## :: सूचना ::

महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (छ.ग.) के निर्देशानुसार दिनांक 30.10.2021 को प्रातः 11:00 बजे से ''इस सदन की राय में निर्वाचन प्रकिया में महिलाओं की स्वतंत्र, सकिय एवं समान भागीदारी लैंगिक समानता को स्थापित करने में सहायक होगी'' विषय पर ऑनलाईन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्याय स्तर पर किया जा रहा है जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त विजेता को जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन ऑनलाईन वाद-विवाद प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम ,व्दितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेता को कमशः 2500/-, 2000/- एवं 1500/- की धनराशि एवं डिजिटल प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

अतः महाविद्यालय स्तर पर आयोजित उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना नाम ,पिता का नाम, महाविद्यालय का नाम, कक्षा एवं स्वंय का व्हाटसएप नबंर दिनांक 28.10.2021 तक अनिवार्य रूप से स्वीप प्रभारी प्रो.पंकज जैन अथवा प्रो.कोमल प्रसाद यादव के पास लिखवा देवें।

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

Scanned with CamScanner






### पीजी कॉलेज में ऑनलाईन वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, संबंधित विषय पर 23 प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार रखे

# नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने किया प्रेरित

■ नवभारत न्यूज़ | धमतरी.
www.navbharat.news

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 1 जनवरी 2022 एवं मतदाता जागरूकता अभियान के व्यापक प्रचार के तहत त्रि-स्तरीय ऑनलाईन वाद-विवाद के तहत पीजी कॉलेज धमतरी के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में एवं स्वीप प्रभारी, प्रो. पंकज जैन, प्रो. कोमल प्रसाद यादव, प्रो. दुर्गेश प्रसाद, डॉ. सपना ताम्रकार, प्रो. अमर सिंग साहू, राजेश चैरसिया एवं अभिषेक मिश्रा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय स्तर पर ऑनलाईन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन गुगलमीट के माध्यम से किया गया. उक्त प्रतियोगिता का विषय इस सदन की राय में निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं को स्वतंत्र, सक्रिय एवं समान लैंगिक समानता को स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगीरखा गया. प्रतियोगिता के माध्यम से स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन, प्रो. कोमल प्रसाद यादव, स्वीप आईकॉन छात्र महेन्द्र कुमार साहू, प्राची शर्मा एवं कैम्पस अम्बेसडर यज्ञदेव गंगबेर, साक्षी शर्मा एवं तोषण साहू के सहयोग से समस्त नए मतदाताओं को मतदाता सुची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया गया एवं महिलाओं को भी निर्वाचन में सक्रिय भागीदारी का संदेश भी दिया गया. महाविद्याल स्तर पर उक्त प्रतियोगिता में कुल 23 प्रतिभागियों ने उक्त विषय पर अपने-अपने विचार रखे जिसमें प्रथम स्थान तोषण साहू, द्वितीय स्थान दीपा बेहरा एवं तृतीय स्थान पुनम सालुंके ने प्राप्त किया तथा निर्णायक की भूमिका प्रो. दुर्गेश प्रसाद, डॉ. सपना ताम्रकार



एवं प्रो. अमर सिंग साहू, ने निभाई. उक्त अवसर पर स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग के निर्देशानुसार जिले के समस्त महाविद्यालय में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को 9 नवम्बर को आयोजित जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा, जिसमें प्रथम तीन विजेताओं को डिजीटल सर्टिफिकेट एवं नगद राषि भी प्रदान किया जायेगा. उक्त प्रतियोगिता के सफल छात्रा कु प्राची शर्मा एवं स्वीप आईकॉन छात्र महेन्द्र कुमार साहू, यज्ञदेव, तोषण साहू की विशेष भागीदारी रहा. उक्त प्रतियोगिता का संचालन प्रो. पंकज जैन एवं प्रो. कोमल प्रसाद यादव ने किया. प्रतियोगिता में पूनम सालुंके, आशीष तिवारी, दीपा बेहरा, लिलेश्वर, प्रकाश गुप्ता, कुंजलता, रीता, अनिल साहू, यज्ञदेव, नागेन्द्र, विशाखा साहू, तोषण साहू, थानेश्वर साहू, आंचल गुप्ता, योगश, गीतराम सिन्हा, गुंजन दुग्गड़, विनीता, प्रियंका दुग्गड़, दीपक, मैकल आदि ने अपने विचारों के माध्यम से महिलाओं की निर्वाचन में भूमिका पर प्रकाश डाला. उक्त अवसर पर निर्णायक गण प्रो. दुर्गेश प्रसाद, डॉ.सपना ताम्रकार, प्रो. अमर सिंग साहू तथा प्रो. कोमल प्रसाद यादव ने सभी से मतदान सूची में नाम जुड़वाने की अपील करते हुए अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश दिया.


## मतदाता जागरुकता अभियान को ले वाद-विवाद स्पर्धा हुई



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी छग के निर्देशों के परिपालन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम स्वीप का सामान्य जन में प्रचार-प्रसार करने एवं युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने हेतु प्रेरित करने एवं उन्हे मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से प्रभारी प्राचार्य प्रो.आरके राठौर के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में 29 अक्टूबर को इस सदन की राय में निर्वचन प्रक्रिया में महिलाओं की स्वतंत्र, सक्रिय एवं समान भागीदारी, लैंगिक समानता स्थापित करने मे सहायक सिद्ध होगी, विषय पर आनलाईन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को स्वीप प्रभारी मनोज कुमार शर्मा द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के उद्देश्य एवं स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला गया. उक्त वाद-विवाद प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों ने विशय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये. वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकाश वर्मा बीएससी भाग 2 ने प्राप्त किया. द्वितीय स्थान करुणा मरकाम बीएससी भाग [illegible] एवं तृतीय स्थान कृष्णप्रिया साहू बीएससी भाग 1 ने प्राप्त किया. प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी विजेता का नाम जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता में सम्मिलित किये जाने हेतु अपनी महाविद्यालय को प्रेषित किया गया. समस्त विजेता प्रतिभागी को महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो.आरकेराठौर एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी प्रो.राजाराम मेहरा ने बधाई दी.

CS Scanned with CamScanner

## District Level On-line Debate (07-11-2021)



कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.com
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238333
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 30/10/2021

## ।। सूचना ।।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय ऑनलाईन वाद-विवाद प्रतियोगिता के तहत् जिले के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों महाविद्यालय स्तर प्रतियोगिता के प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों के मध्य जिला स्तरीय अन्तर्महाविद्यालयीन ऑनलाईन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 09.11.2021 को प्रातः 11.00 बजे से गुगल मीट के माध्यम से किया जाएगा। जिसके तहत् समस्त प्रतिभागियों को ''इस सदन की राय में निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं को स्वतंत्र, सक्रिय एवं समान लैंगिक समानता को स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी'' विषय पर गुगल मीट के माध्यम से 05 मीनट बोलने का अवसर दिया जाएगा।

अतः समस्त प्रथम स्थान विजेता प्रतिभागी अपने मोबाईल में गुगलमीट डाउनलोड कर लेवें प्रतियोगिता से संबंधित लिंक आपको जिला स्तरीय डिबेट प्रतियोगिता के वाट्सएप ग्रुप में **दिनांक 09.11.2021 को प्रातः 11.00 बजे** दी जावेगी। प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन (9827460068) से संपर्क कर सकते है।

(डॉ. श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

---

कार्यक्रम – 09.11.21

नईदुनिया 11.11.21

## वाद–विवाद स्पर्धा में भखारा की भार्गवी प्रथम

धमतरी (नईदुनिया प्रतिनिधि)। निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की स्वतंत्र, सक्रिय एवं समान भागीदारी लैंगिक समानता को स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी, विषय पर जिला स्तरीय आनलाइन अंतरमहाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन गूगलमीट के माध्यम से किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के कुल 13 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर इस विषय पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय महाविद्यालय भखारा की भार्गवी वर्मा, द्वितीय स्थान पीजी कालेज धमतरी के तोषण साहू एवं तृतीय स्थान गुरुकुल महाविद्यालय मगरलोड़ के चंद्रप्रकाश साहू को प्राप्त हुआ। विजयी प्रतिभागियों को क्रमशः : 2500 रुपये, 2000 रुपये व 1000 रुपये व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

महिलाओं की निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी को समझते हुए जनसामान्य को मतदान के महत्व को समझाया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्रोफेसर अमरसिंग साहू, प्रोफेसर तरुण बैनर्जी शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी एवं सुश्री नम्रता ध्रुव, शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी ने निभाई।

इस अवसर पर स्वीप प्रभारी प्रोफेसर पंकज जैन ने बताया कि महाविद्यालय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता के प्रथम विजेता प्रतिभागियों के मध्य जिला स्तर एवं महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को नगद धनराशि एवं प्रमाण-पत्र के साथ संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन आनलाइन वाद-विवाद प्रतियोगिता में भी भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

जिला स्तरीय आनलाइन प्रतियोगिता में वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पीजी कालेज धमतरी के छात्र तोषण साहू, शासकीय कन्या महाविद्यालय से साक्षी पाल, शासकीय पीजी कालेज कुरुद से हेमंत कुमार, शासकीय महाविद्यालय नगरी से आकाश वर्मा, शासकीय महाविद्यालय भखारा से भार्गवी वर्मा, शासकीय महाविद्यालय मगरलोड़ से इंद्रमन साहू, शासकीय महाविद्यालय सिलौटी से निलिमा साहू, शासकीय महाविद्यालय आमदी से आशीष साहू, महतारी कालेज भखारा से दीपा टंडन, गुरुकुल कालेज मगरलोड से चंद्रप्रकाश साहू, काम्पटेक कालेज से रूपांजलि, जीजामगांव से अगरदास एवं अलशम्स कालेज नगरी से आयुष पटेल स्पर्धा में एक-एक कर अपना विचार रखें।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्वीप आइकन छात्र महेंद्र, तुषार साहू, प्राची शर्मा स्वीप कैंपस अंबेसडर छात्र यज्ञदेव, साक्षी शर्मा, पूजा शर्मा का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता का संचालन प्रोफेसर कोमल प्रसाद यादव एवं आभार प्रदर्शन स्वीप प्रभारी प्रोफेसर पंकज जैन ने किया। स्पर्धा को सफल बनाने में स्वीप प्रभारी प्रोफेसर पंकज जैन, प्रोफेसर कोमल प्रसाद यादव, प्रोफेसर दुर्गेश प्रसाद, डा. सपना ताम्रकार, प्रोफेसर अमरसिंग साहू, राजेश चौरसिया, यज्ञदेव, महेंद्र कुमार साहू व प्राची शर्मा का योगदान रहा।

शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई...

5/9

# National Voter Day (25-01-2022)




राष्ट्रीय मतदाता दिवस

26.01.2022

## पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं को जागरूक कर दिलाई शपथ

**धमतरी|** बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव कॉलेज धमतरी में मतदाता दिवस पर शपथग्रहण कराया गया। प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में एवं स्वीप प्रभारी प्रोफ़ेसर पंकज जैन, प्रो.कोमल प्रसाद यादव, स्वीप जिला आइकान महेन्द्र साहू एवं प्राची शर्मा के मार्गदर्शन में 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दोपहर 1 बजे शपथ कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंटिंग के साथ प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने प्राध्यापकों एवं स्टॉफ को अनिवार्य रूप से शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। स्वीप प्रभारी प्रोफेसर पंकज जैन ने 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने के उद्देश्यों की जानकारी दी। बताया कि 1 जनवरी 2022 की स्थिति में 18 साल पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने, महिला, दिव्यांग मतदाता एवं जनसामान्य को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करने एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम महाविद्यालय में किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वीप आइकान प्राची शर्मा एवं महेन्द्र साहू ने भी अपने वीडियों के माध्यम से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी को जागरूकता का संदेश दिया।